CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 33 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शनिवार, 19 जुलाई 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## फोकस एक्सक्लूसिव : गड्ढों में गड़ी सच्चाई

# शाहपुरा में 50 करोड़ की लागत से बने बाईपास की पहली बारिश में खुली पोल

### गड्ढों में तब्दील सड़क, घटिया निर्माण व भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरा विभाग

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

राजस्थान सरकार की वर्ष 2023-24 की बजट घोषणा के तहत शाहपुरा-भीलवाड़ा से देवली मार्ग पर 50 करोड़ 35 लाख की लागत से बनाए जा रहे 10 किलोमीटर लंबे बाईपास की हकीकत पहली ही बारिश में सामने आ गई है। भारी बारिश के चलते डामर सड़क जगह-जगह से उखड़ गई है, वहीं कई हिस्सों में यह गहरे गड्ढों में तब्दील हो गई है।

### समय से पहले चालू, बिना उद्घाटन की सड़क हुई जर्जर

बाईपास का निर्माण कार्य 12 अक्टूबर 2023 को शुरू हुआ था, जिसे 11 अक्टूबर 2025 तक पूरा किया जाना था। लेकिन ठेकेदार ने जल्दबाजी में निर्माण कार्य समय से पहले पूरा कर सड़क को उपयोग में ले लिया, जबकि यह अभी विभाग को विधिवत सुपुर्द भी नहीं किया गया है।

स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि बिना गुणवत्ता परीक्षण और मानकों की अनदेखी कर इस सड़क को चालू किया गया, जिसका नतीजा यह है कि पहली ही बारिश में इसकी पोल खुल गई।

### जलनिकासी की कमी से किसानों की फसलें भी तबाह

कांग्रेस नगर कार्यकारी अध्यक्ष रमेश सेन ने इस बाईपास को शुरू से संदिग्ध बताया और कहा कि बारिश के दौरान सड़क के दोनों ओर हुए जलभराव से किसानों की फसलें खराब हो गई हैं। बाईपास निर्माण के दौरान जल निकासी की कोई पुख्ता व्यवस्था नहीं की गई थी।

### बिलो रेट पर ठेका, पहले से जताई गई थी आशंका

तकनीकी जानकारों व सेवानिवृत्त अभियंताओं के अनुसार, इस परियोजना का अनुमान ?50 करोड़ से अधिक का था, लेकिन ठेका मात्र ?30.81 करोड़ में दे दिया गया। बिलो रेट पर दिए गए इस ठेके में गुणवत्ता से समझौता पहले से ही शंका के घेरे में था।

### स्थानीयों की मांग- उच्च स्तरीय जांच हो, FIR दर्ज हो

ग्रामीणों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इसे बड़ी साजिश करार देते हुए राज्यपाल से उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। साथ ही ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों पर आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग भी उठाई है।





### आरएसआरडीसी ने कहा"मानकों का रखा ध्यान, बारिश के बाद सुधार करेंगे"

आरएसआरडीसी के परियोजना निदेशक नरेंद्र चौधरी ने बताया की ÷निर्माण कार्य में मानकों का पूरा ध्यान रखा गया है। जहां बारिश का पानी भरा, वहां समस्या आई है। बारिश के बाद सड़क को सुधारा जाएगा।

### लेकिन सवाल अब भी बाकी है...

अगर गारंटी अवधि पूरी होने से पहले ही सड़क जवाब दे रही है, तो जिम्मेदारी किसकी है? क्या यह केवल प्राकृतिक बारिश का असर है, या फिर भ्रष्टाचार और लापरवाही का परिणाम? स्थानीय लोगों का आरोप है कि ठेकेदार और अधिकारियों की मिलीभगत से घटिया सामग्री और गलत तकनीक का इस्तेमाल कर सरकारी धन की बर्बादी की गई है। बारिश ने इस भ्रष्टाचार की परतें उधेड़ कर रख दी हैं।

## चूल्हे पर अधूरी रोटी, फर्श पर बेटी की लाश - टोडाभीम में हुई दिल दहला देने वाली वारदात



भीलवाड़ा फोकस @ टोडाभीम

पाड़ला गांव में शुक्रवार को बीएसटीसी की छात्रा की संदिग्ध हालात में हत्या का मामला सामने आया है। युवती की मां मेवा देवी मीणा ने दौसा निवासी खेमचंद पर हत्या का आरोप लगाया है, जो लगातार बेटी अंतिमा (20) का पीछा करता था और शादी का दबाव बना रहा था।

मेवा देवी ने बताया कि अंतिमा घटना के समय घर में अकेली थी और खाना बना रही थी, जबकि वह खेत में घास लेने गई थी। लौटने पर हॉल में बेटी का रक्तरंजित शव पड़ा मिला। सिर पर चोट थी, पास में खून से सना पत्थर और टूटा हुआ चकला मिला। चूल्हे पर अधजली रोटी और एक डेटा केबल भी पड़ी थी।

परिजनों ने बताया कि युवक ने 20-25 दिन पहले धमकी दी थी की ÷तू मेरी नहीं होगी तो किसी की नहीं होने दूंगा। मृतका की चचेरी बहन ने युवक को घर में घुसते देखा था।

सूचना मिलते ही डीएसपी मुरारी लाल मीणा, एएसपी सत्येंद्र पाल सिंह व एफएसएल टीम मौके पर पहुंची। शव को टोडाभीम अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, आरोपी की तलाश जारी है।

## 1 करोड़ की रिश्वत मामलाः CBI ने बिछाया जाल , नारकोटिक्स इंस्पेक्टर और दलाल रिश्वत लेते पकड़े गए

भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़

डॉ. चेतन ठठेरा

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने एक करोड़ रुपए की रिश्वत मांगने के मामले में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के इंस्पेक्टर और उसके दलाल को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई शुक्रवार को मध्यप्रदेश के उज्जैन और राजस्थान के बड़ी सादड़ी में की गई। आरोप है कि इंस्पेक्टर ने एक परिवार को ड्रग केस में फंसाने की धमकी देकर रिश्वत की मांग की थी। पीड़ित से अब तक 44 लाख रुपये की वसूली की जा चुकी थी। सीबीआई ने इस संबंध में शुक्रवार को जाल बिछाकर इंस्पेक्टर और दलाल दोनों को दबोच लिया।

### शिकायत से लेकर गिरफ्तारी तक

जानकारी के अनुसार सीबीआई को 15 जुलाई को प्रतापगढ़ जिले के बड़ी सादड़ी निवासी मांगीलाल गुर्जर ने शिकायत दी थी कि नीमच (म.प्र.) में पदस्थ नारकोटिक्स इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह ने 27 मार्च 2025 को उसके घर पर छापा मारा था और 400 किलो डोडा चूरा बरामद करने का दावा किया था।

छापे के बाद महेंद्र सिंह ने गुर्जर को चित्तौड़गढ़ जिले के डूंगला क्षेत्र के आलखेड़ी निवासी जगदीश मेनारिया से संपर्क करने को कहा। कुछ ही दिनों में जगदीश ने खुद मांगीलाल से संपर्क किया और धमकी दी कि यदि इंस्पेक्टर को 1 करोड़ रुपये की रिश्वत नहीं दी गई, तो पूरे परिवार को ड्रग केस में फंसा दिया जाएगा।



### सौदा 53 लाख में तय, अब तक 44 लाख ले चुका था

काफी मोलभाव के बाद सौदा 53 लाख में तय हुआ और तीन किश्तों में मांगीलाल से 44 लाख रुपये वसूल लिए गए। इसके बाद भी इंस्पेक्टर की लालच खत्म नहीं हुई। वह और दलाल मिलकर 9 लाख और मांगने लगे। इससे परेशान होकर मांगीलाल ने सीबीआई में शिकायत की। सीबीआई ने शिकायत का सत्यापन करवाया और योजना के तहत गुरुवार रात सांवरिया जी मंदिर के पास एक होटल में मांगीलाल से 3 लाख और लेते समय दलाल जगदीश मेनारिया को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

### दलाल की निशानदेही पर इंस्पेक्टर भी गिरफ्तार

पूछताछ में दलाल ने माना कि वह यह रकम इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह के लिए ले रहा था। इसके बाद शुक्रवार को सीबीआई की टीम ने उज्जैन जाकर नारकोटिक्स इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया। दोनों से पूछताछ जारी है।

### जयपुर, नीमच, सीकर में संपत्तियों के सुराग

सीबीआई की शुरुआती जांच में पता चला है कि महेंद्र सिंह ने रिश्वत से अर्जित रकम से जयपुर, नीमच, सीकर समेत कई शहरों में ज़मीनें खरीदी हैं।

# पांच दिन बाद कैनाल में मिली बोलेरो, राजस्थान के चार शव देख मचा हड़कंप

भीलवाड़ा फोकस @ सिरसा





हरियाणा के डबवाली क्षेत्र में शुक्रवार को राज कैनाल में एक बोलेरो डूबी हुई मिली। जिसमे राजस्थान के चार युवक मृत अवस्था में मिले है । पांच दिन से लापता इन युवकों की तलाश में परिजनों ने पुलिस के साथ मिलकर कॉल डिटेल और सीसीटीवी फुटेज खंगाले थे । गाड़ी की आखिरी लोकेशन राज कैनाल के पास मिलने पर गोताखोरों की मदद से तलाशी अभियान शुरू किया गया। जहाँ कालातीतर और कालुआना पुल के बीच कैनाल की तलहटी में बोलेरो गाड़ी डूबी मिली, जिसके भीतर चारों शव फंसे हुए थे। क्रेन की मदद से गाड़ी बाहर निकाली गई और शवों को अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतकों की पहचान रवींद्र उर्फ चौथराम (50), विनोद उर्फ बिंदर (35), रायसिंह (28) – निवासी कालुआना, डबवाली और बलबीर (55), निवासी गणेशगढ़ (राजस्थान) के रूप में हुई। चारों शादी-ब्याह के रिश्ते कराने का काम करते थे और 13 जुलाई की रात बोलेरो से रवाना हुए थे। परिजनों से अंतिम बार बातचीत गणेशगढ़ पहुंचने पर हुई थी, इसके बाद सभी के मोबाइल बंद हो गए। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सुपुर्द किया है । फिलहाल पुलिस ये हादसा है या कुछ और सभी संभावित एंगल से जांच कर रही है।

## छात्रा को भेजे अशोभनीय संदेश, वीडियो कॉल की जिद पर अड़ा शिक्षक, एपीओ कर जांच शुरू


भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

शिक्षा के मंदिर में मर्यादाएं तोड़ने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। ऐसा ही एक मामला भीलवाड़ा जिले के आसींद उपखंड के मालासेरी गांव स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सामने आया है, जहां एक अंग्रेजी विषय के शिक्षक द्वारा कक्षा 10 की छात्रा को व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम पर अशोभनीय संदेश भेजने और वीडियो कॉल करने का दबाव बनाने की शिकायत मिली है। मामले की गंभीरता को देखते हुए शिक्षक को एपीओ कर जांच शुरू कर दी गई है। आरोपी शिक्षक लखनलाल शर्मा चूरू जिले का निवासी है। जो स्कूल में 2024 से बतौर सेकेंड ग्रेड टीचर के तौर पर तैनात है।

### परिजनों ने की शिकायत, शिक्षक एपीओ

सूत्रों के अनुसार, विद्यालय में कार्यरत शिक्षक लखनलाल शर्मा ने छात्रा को कई बार आपत्तिजनक मैसेज भेजे और इंस्टाग्राम पर बातचीत करने की जिद करता रहा। इससे परेशान छात्रा ने परिजनों को जानकारी दी। परिजन तुरंत विद्यालय पहुंचे और प्रिंसिपल को शिकायत सौंपी।

विद्यालय प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी आसींद को अवगत कराया। सीबीईओ की रिपोर्ट के आधार पर संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा अजमेर संभाग, अनिल कुमार शर्मा ने शिक्षक लखनलाल शर्मा को



आदेशों की प्रतीक्षा में रखते हुए मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक), भीलवाड़ा नियुक्त कर दिया है। साथ ही मामले की जांच प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

CMYK

# न्यायाधीश अभय जैन ने किया पौधारोपण को जन आंदोलन बनाने का आह्वान

## संगम उद्योग समूह द्वारा एक लाख पौधे और 5 हजार ट्री गार्ड वितरण अभियान जारी




**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

संगम उद्योग समूह द्वारा चलाए जा रहे एक लाख पौधे एवं 5 हजार ट्री गार्ड वितरण अभियान÷ के तहत शुक्रवार को सेशन न्यायाधीश अभय जैन ने पौधे व ट्री गार्ड वितरित करते हुए लोगों से इस अभियान को जन आंदोलन का रूप देने की अपील की। उन्होंने कहा कि ÷पौधा लगाने के बाद जिम्मेदारी खत्म नहीं होती, बल्कि वहीं से शुरू होती है, जब हम उसे पेड़ बनने तक संभालते हैं। न्यायाधीश जैन ने जोर देकर कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी या गैर-सरकारी संस्थाओं की नहीं, बल्कि हर नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एडीजे विशाल भार्गव एवं एसीजेएम विशेष नागरवाल ने भी सहभागिता निभाई। उन्होंने कहा कि ÷हर गली, हर मोहल्ले, हर घर में पौधे लगाए जाएं और बच्चों की तरह उनकी देखभाल की जाए , यही आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य की नींव है। संगम उद्योग समूह के चेयरमैन रामपाल सोनी ने कहा कि सिर्फ पौधे लगाना ही नहीं, बल्कि उनकी सुरक्षा भी उतनी ही जरूरी है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपने आसपास लगे पौधों को पानी दें, ट्री गार्ड लगाएं और नुकसान से बचाएं। पौधा वितरण प्रभारी बाबूलाल जाजू ने बताया कि शुक्रवार को कुल 530 ट्री गार्ड एवं 8850 पौधे आमजन, विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर वितरित किए गए।

# भीलवाड़ा जिले की जनसुनवाई व्यवस्था को राज्य स्तर पर सराहना , प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण में भीलवाड़ा रहा शीर्ष पर




**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं सतर्कता समिति की बैठक शुक्रवार को सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधु की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त 100 से अधिक जन शिकायतों और 4 सतर्कता प्रकरणों की सुनवाई की गई, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

प्रमुख मुद्दों में अतिक्रमण, रास्ते संबंधी विवाद, जलभराव, पेयजल कनेक्शन, गंदगी, राशन कार्ड और पुलिस संबंधी शिकायतें शामिल थीं। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रकरण का गंभीरता से निराकरण करते हुए आमजन को राहत दी जाए।

राज्य सरकार द्वारा संचालित जनसुनवाई प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण की रैंकिंग में भीलवाड़ा जिला एक बार फिर प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा। इस उपलब्धि के लिए राज्य के मुख्य सचिव सुधांश पंत ने भीलवाड़ा प्रशासन की प्रशंसा की और अन्य जिलों को भी इससे प्रेरणा लेने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रतिभा देवठिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि उपखण्ड एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

# विद्यालय में छात्र-छात्राओं से अश्लील हरकत करने वाला शिक्षक निलंबित, वीडियो वायरल होने पर मचा हड़कंप

## आवंलहेड़ा के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय का मामला, आरोपी शिक्षक हिरासत में






**भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़**

**डॉ. चेतन ठठेरा** । जिले के बेगूं उपखंड क्षेत्र के आवंलहेड़ा गांव स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में पदस्थ एक शिक्षक द्वारा विद्यालय में छात्र-छात्राओं से अश्लील हरकतें करने और उनके वीडियो बनाने का शर्मनाक मामला सामने आया है।

इस घटना से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही शुक्रवार सुबह क्षेत्र में भारी आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में विद्यालय पहुंचकर तालाबंदी कर दी।

आरोप है कि विद्यालय में कार्यरत शिक्षक शंभूलाल धाकड़ (59) पिछले काफी समय से छात्र-छात्राओं के साथ अनुचित व्यवहार कर रहा था। वीडियो वायरल होते ही प्रशासन हरकत में आया और उपखंड अधिकारी मनस्वी नरेश के निर्देश पर बेगूं थाना पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया।

शिक्षा विभाग ने आरोपी शिक्षक को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही विभागीय जांच भी प्रारंभ कर दी गई है।

### कई बच्चों के बयान, गंभीर धाराओं में मामला दर्ज

घटना के सामने आने के बाद उपखंड अधिकारी मनस्वी नरेश और थानाधिकारी शिवलाल मीणा की मौजूदगी में विद्यालय के कई छात्र-छात्राओं के बयान लिए गए और उनका मेडिकल परीक्षण भी कराया गया।थानाधिकारी शिवलाल मीणा ने बताया है कि आरोपी के खिलाफ कई गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है । पुलिस अनुसंधान कर रही है ।

### दो अन्य शिक्षक भी एपीओ

इधर घटना सामने आने के बाद शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालय के दो अन्य शिक्षकों पीटीआई मोहनलाल बैरवा और ब्रह्मव्रती धाकड़ को एपीओ करने की भी जानकारी सामने आई है।

बताया गया है कि आरोपी शंभूलाल धाकड़ 2026 में सेवानिवृत्त होने वाला था और पिछले करीब 8 वर्षों से इसी विद्यालय में कार्यरत था।

### मंत्री ने कहा- समाज पर कलंक हैं ऐसे शिक्षक

घटना पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ÷ऐसे शिक्षक समाज और शिक्षा के मंदिर पर कलंक हैं। इन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी ताकि अन्य के लिए यह एक मिसाल बने। विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए जा चुके हैं।

# 11 साल से फरार चल रहे इनामी अपराधी को पुलिस ने पकड़ा



**भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़**

थाना पुलिस ने लूट के एक प्रकरण में 11 वर्षों से फरार चल रहे वांछित इनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थानाधिकारी शंकर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी जमशेद पुत्र अलीशेर, उम्र 38 वर्ष, निवासी घाघोट, थाना चांदहट, जिला पलवल (हरियाणा), वर्ष 2014 में दर्ज लूट के एक मामले में फरार चल रहा था। घटना के बाद से ही वह लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस को गुमराह करता रहा, जिससे गिरफ्तारी में लंबे समय तक परेशानी आई। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 15 हजार का इनाम भी घोषित किया गया था। पुलिस को गुरुवार को सूचना मिलने पर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया।

# 5000 रुपए के ईनामी वांछित आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा**

पुलिस थाना बनेड़ा ने जिला स्पेशल टीम की सूचना पर 5000 रुपए के ईनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है । थाना अधिकारी महेन्द्र सिंह के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में पुलिस ने आरोपी शैतान पुत्र बद्रीलाल बंजारा (उम्र 27 वर्ष), निवासी बंजारों का खेड़ा, थाना शाहपुरा को गिरफ्तार किया है । आरोपी पूर्व में थाने के एक प्रकरण में वांछित था। उसे पकड़ने पर ?5000 का ईनाम घोषित था।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ



## QUICK BITES

### बारिश से गेणोली व धाकड़खेड़ी की फसलें जलमग्न, किसानों को भारी नुकसान



भीलवाड़ा फोकस @ आकोला

**(रमेश चंद्र डाड)।** क्षेत्र में लगातार एक सप्ताह से हो रही बारिश के चलते गेणोली, धाकड़खेड़ी सहित आसपास के गांवों में मूंगफली, मक्का सहित कई खरीफ फसलें जलभराव में डूब गई हैं। खेतों में पानी भरने से किसानों की हजारों रुपए की लागत पर खड़ी फसलें पूरी तरह खराब हो गई हैं। किसानों ने बताया कि उन्होंने समय पर बीज, खाद व दवाइयों पर खर्च कर फसलें तैयार की थीं, लेकिन अत्यधिक वर्षा से खेतों में पानी जमा हो गया, जिससे फसल सड़ने की कगार पर है। किसानों ने प्रशासन से मौके का निरीक्षण कर उचित मुआवजा देने की मांग की है।

### राजकीय विद्यालय मेहता जी का खेड़ा में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला



**(रमेश चंद्र डाड)।** राजस्थान सरकार की हरियालो राजस्थान योजना के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मेहता जी का खेड़ा में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष युवराज सिंह राणावत, उपाध्यक्ष कालू सिंह चौहान व प्रधानाचार्य कालू लाल बातेड़ा के सान्निध्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में राणावत ने पेड़ों के संरक्षण की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि पेड़ हमारे जीवन का आधार हैं और हमें इनकी रक्षा करनी चाहिए।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर में फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में बालू लाल तेली, मिट्ठू लाल प्रजापत, सोलाल सिंह चौहान, उदय लाल धाकड़, गोपाल सुथार, महराम धाकड़ सहित विद्यालय स्टाफ, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### काशीपुरी श्याम मंदिर में सहस्त्रधारा अभिषेक, उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



नगर निगम भीलवाड़ा द्वारा श्रावण मास में 70 वार्डों के 70 मंदिरों में सहस्त्रधारा अभिषेक कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को वार्ड 29 स्थित काशीपुरी श्याम मंदिर में आयोजन हुआ। महापौर राकेश पाठक एवं भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के सान्निध्य में सम्पन्न इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने श्रद्धा व भक्ति के साथ अभिषेक किया।

मुख्य यजमान के रूप में भाजपा जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया व दिव्या बोरदिया मौजूद रहे। आचार्य योगेंद्र शास्त्री व सहयोगी पंडितों ने विधिवत पूजन कराया। आयोजन में श्याम मंदिर कमेटी एवं भाजपा पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

नगर निगम का अगला सहस्त्रधारा अभिषेक कार्यक्रम आज वार्ड 34 में आरके कॉलोनी शिव मंदिर सुबह 8 बजे , वार्ड 33 के राधाकृष्ण मंदिर दोपहर 12 बजे और वार्ड 30 के बालाजी मंदिर सायं 5 बजे होगा।

# भगवानपुरा में महिला कृषक प्रशिक्षण शिविर आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ महुआ




**(महावीर वैष्णव)** – ग्राम पंचायत दोलपुरा के भगवानपुरा गांव में शुक्रवार को कृषि विभाग की राज्य योजनांतर्गत एक दिवसीय महिला कृषक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंचायत समिति सदस्य कंचन देवी योगी की उपस्थिति रही। शिविर में करीब 30 महिला कृषकों ने भाग लिया।

स्थानीय कृषि पर्यवेक्षक महावीर वैष्णव ने प्रशिक्षण की उपयोगिता व खरीफ फसलों की उन्नत कृषि तकनीकों पर जानकारी दी। साथ ही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राज किसान सुविधा ऐप, ई-गिरदावरी, पाइपलाइन, फव्वारा, कृषि यंत्र, तारबंदी व फार्म पौंड जैसी योजनाओं पर मिलने वाले अनुदान की जानकारी दी गई। महिला किसानों को जैविक, प्राकृतिक एवं परंपरागत खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। फसलों में रासायनिक उर्वरकों के अधिक प्रयोग से होने वाले नुकसान पर चर्चा की गई। साथ ही खरपतवार प्रबंधन, निराई-गुड़ाई, कीटनाशक चयन, बीज एवं उर्वरक खरीदते समय बिल लेने की सलाह दी गई। शिविर के अंत में ज्ञानार्जन परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली महिला किसानों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# एसपी धर्मेन्द्र यादव बोले– महिलाएं जितनी जागरूक होंगी, अपराधों पर उतना ही अंकुश लगेगा

## लाडो सेवा फाउंडेशन ने किया महिला सुरक्षा पोस्टर का विमोचन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा




महिला सुरक्षा और सम्मान को लेकर लाडो सेवा फाउंडेशन द्वारा तैयार जागरूकता पोस्टर का विमोचन शुक्रवार को पीएम श्री रा.बा.उच्च माध्यमिक विद्यालय, बापूनगर में हुआ। इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र यादव, मनोज प्रताप (स्वदेशी खेल ड्रॉप रोबॉल प्रदेश उपाध्यक्ष), प्रधानाचार्य अवधेश कुमार शर्मा, लव कुमार जोशी और संस्थापक लक्ष्मण सिंह राठौड़ मौजूद रहे।

एसपी यादव ने बालिकाओं को कानून, हेल्पलाइन नंबर व आत्मरक्षा की जानकारी दी और कहा कि महिलाएं जागरूक रहेंगी तो अपराध पर अंकुश लगेगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री की ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ योजना के अंतर्गत सिंदूर का पौधा भी लगाया गया।

फाउंडेशन ने महिला सहायता हेतु हेल्पलाइन भी जारी किया है, जो 24×7 सक्रिय रहेगा। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार ने छात्राओं को महिला सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की शपथ दिलाई।

# भाविप भीलवाड़ा का खेलकूद सप्ताह शुरू, 321 प्रतिभागियों ने कराया पंजीयन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा




भारत विकास परिषद, भीलवाड़ा शहर द्वारा खेलकूद सप्ताह की शुरुआत शुक्रवार को की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रांतीय अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी, अमित सोनी, श्याम कुमावत, शिवम प्रहलादका व अन्य पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलन कर किया।

सोमानी ने कहा कि खेल से तन-मन स्वस्थ रहता है और आपसी सहयोग की भावना बढ़ती है। आजाद शाखा अध्यक्ष विनीत शर्मा व खेल प्रभारी मुदित जिंदल ने बताया कि सभी सात शाखाओं के बीच समन्वय बढ़ाने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है, जिसमें महिला, वरिष्ठ व सामान्य वर्ग की क्रिकेट, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कैरम, शतरंज आदि प्रतियोगिताएं होंगी। अब तक 321 प्रतिभागी पंजीकृत हो चुके हैं।

क्रिकेट व वॉलीबॉल टीमों का चयन ऑक्शन के माध्यम से किया गया, जिसमें टीमों के नाम आजादी के महानायकों पर रखे गए। ऑक्शन के दौरान अनुरोध अजमेरा, पुनीत सोनी, विशाल राठी, दिलीप ढांचा, अजय काबरा, गौरव चतुर्वेदी सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

# विद्यालय समय से पहले बंद, स्टाफ पर लापरवाही के आरोप

## ग्रामीणों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, जांच और कार्रवाई की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया



मकरेड़ी ग्राम पंचायत के केरखेड़ा गांव स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में समय से पूर्व विद्यालय बंद करने और शिक्षकों की लापरवाही को लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। शुक्रवार को विद्यालय निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने देखा कि स्कूल नियत समय से लगभग दो घंटे पहले बंद कर दिया गया था।

इस संबंध में ग्रामीणों ने तहसीलदार ललित डीडवानिया को ज्ञापन सौंपते हुए प्रधानाध्यापक सहित पूरे स्टाफ पर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि विद्यालय में कुल 9 सदस्यीय स्टाफ कार्यरत है, लेकिन अधिकांश शिक्षक समय पर नहीं पहुंचते। जबकि विद्यालय का समय सुबह 7:30 से दोपहर 1 बजे तक निर्धारित है।

ग्रामीणों के अनुसार विद्यालय में 178 बच्चों का नामांकन होने के बावजूद पढ़ाई की स्थिति बेहद खराब है। पूर्व में कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि शिकायत करने पर प्रधानाध्यापक ने दुर्व्यवहार किया और उन्हें विद्यालय से बाहर निकाल दिया।

गांव के दुर्गेश गुर्जर, भेरू, दुर्गाशंकर ने बताया कि विद्यालय में अनुशासन नहीं के बराबर है, जिससे बच्चों का भविष्य संकट में है। ज्ञापन देते समय हंसराज, हनुमान, महावीर, लोकेश, रामचरण, जुगराज, विशाल, भूपेंद्र, गोपाल, बाबूलाल, बबलू, कैलाश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### इनका कहना है –

विद्यालय नियमित रूप से संचालित हो रहा है और सभी शिक्षक समय पर उपस्थित रहते हैं। शुक्रवार को अत्यधिक बारिश के कारण परिसर में पानी भर गया था, इसी कारण बच्चों को एक घंटे पहले अवकाश दिया गया। अन्य दिनों में शिक्षण कार्य सामान्य रूप से होता है।÷

**— प्रकाश मीणा, प्रधानाध्यापक, रा.प्रा. विद्यालय केरखेड़ा**

विद्यालय को तय समय से पहले बंद करने की जानकारी मिली है। मामले की जांच करवाई जाएगी। जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**— मालीराम यादव, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, बिजोलिया**

# धाकड़ महासभा का स्नेह मिलन समारोह संपन्न, 'एक मंदिर - एक चंदन का पौधा' अभियान के तहत किया वृक्षारोपण






**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

श्री माधव नोगाँवा गोशाला, पुर में अखिल भारतीय श्री धाकड़ महासभा भारतवर्ष 1957 का भव्य स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के उत्थान, एकता, संगठन और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलसीराम धाकड़, मुख्य वक्ता महिला इकाई की राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा मंडलोई, एवं अध्यक्षता भूरालाल धाकड़ ने की। समारोह में राष्ट्रीय महामंत्री जोधराज नागर, संजय धाकड़, वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट कन्हैयालाल धाकड़ , शाहपुरा , राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. देबी लाल धाकड़ एवं धनराज, राष्ट्रीय संगठन मंत्री राधेश्याम एवं सुरेश धाकड़, राष्ट्रीय प्रचार मंत्री बालाशंकर व कोषाध्यक्ष सुरेश नागर मंचासीन रहे। मंच संचालन राष्ट्रीय प्रवक्ता रामफूल धाकड़ ने किया।

### पर्यावरण संरक्षण की पहलः एक मंदिर - एक चंदन का पौधा

कार्यक्रम की शुरुआत साँवरिया सेठ के दर्शन व गोमाता पूजन से की गई। इसके बाद ÷एक मंदिर - एक चंदन का पौधा÷ राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत चंदन सहित हरड़, आंवला, अमलताश जैसे 7 औषधीय पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

स्नेह मिलन का शुभारंभ धरणीधर भगवान की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

### नई कार्यकारिणी की घोषणा व नियुक्तियाँ

समारोह में भीलवाड़ा जिले की शाहपुरा, जहाजपुर, मांडलगढ़, बिजौलिया तहसीलों के साथ चित्तौड़गढ़ जिले के बैंगू व निम्बाहेड़ा से बड़ी संख्या में समाजबंधुओं ने भाग लिया। इस दौरान नवनियुक्त राष्ट्रीय पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देकर जिम्मेदारी सौंपी गई।

युवा संघ राजस्थान प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय नांदेड़ा एवं संगठन महामंत्री समंदर पटेल के निर्देशन में की गई । जिसमेप्रदेश अध्यक्ष (युवा संघ) सुभाष (शोभालाल) धाकड़, बैंगू, चित्तौड़गढ़ , राष्ट्रीय महामंत्री विनोद धाकड़ एवं इंजी. रामहेतार नागर , राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समरथ धाकड़, राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रकाश धाकड़, महिला इकाई प्रदेश अध्यक्ष नीलम पत्नी अर्जुन धाकड़, कनेरा (निम्बाहेड़ा) को नियुक्त किया गया वही अ.भा. श्री धाकड़ महासभा राजस्थान प्रदेश टीम की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष राधाकिशन नागर सेवानिवृत्त तहसीलदार द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष की सहमति से की गई । जिसमे प्रदेश महामंत्री नारायण धाकड़, धाकड़खेड़ी, मांडलगढ़ , प्रदेश महामंत्री बाबूलाल नागर, कोटा, प्रदेश उपाध्यक्ष रामेश्वर, शाहपुरा एवं डॉ. राधेश्याम, भीलवाड़ा , प्रदेश संगठन मंत्री - प्रह्लाद, कनेरा को नियुक्त किया गया ।

# चारभुजानाथ के चरणों में श्रद्धा अर्पित, देवली से कोटड़ी पदयात्रा का आमंत्रण सौंपा

## 2 अगस्त से शुरू होगी 26वीं विशाल पदयात्रा, 5 अगस्त को पहुंचेगी कोटड़ी

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

**(राजेन्द्र बबलू पोखरना)**

मेवाड़ अंचल की आस्था के केंद्र श्री चारभुजानाथ मंदिर, कोटड़ी में शुक्रवार को देवली से आए श्रद्धालुओं ने आगामी 26वीं विशाल पदयात्रा के लिए श्रीचरणों में निमंत्रण पत्र अर्पित कर यात्रा की सफलता की कामना की। श्रद्धालु गाजे-बाजे के साथ कोटड़ी श्याम मंदिर पहुंचे और भगवान के दरबार में शीश नवाया।

पदयात्रा मण्डल देवली के अध्यक्ष रामेश्वर दीया व मंत्री राकेश दीया ने बताया कि यह पदयात्रा 2 अगस्त को देवली से प्रारंभ होगी, जिसमें भगवान को भव्य बेवाण में विराजमान कर रवाना किया जाएगा। यात्रा जहाजपुर, पण्डेर, रोपा, पारोली, बीरधोल होते हुए 5 अगस्त को कोटड़ी पहुंचेगी। रात्रि विश्राम की व्यवस्था क्रमशः जहाजपुर, रोपा व बीरधोल में की गई है। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं का जत्था भजनों की मधुर धुनों पर झूमते-गाते नगर में प्रवेश करेगा और मंदिर पहुंचकर प्रभु के चरणों में ध्वज चढ़ाकर आराधना करेगा। इस अवसर पर रामस्वरूप टांक, अमिश अरोड़ा, गोपाल टांक, भोपाल सिंह मीणा, नोरत सोनी, राजेन्द्र दीया, पवन पाराशर, रतनलाल डीडवानिया, संपत लोढ़ा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे । मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया, कोषाध्यक्ष जमना लाल सुथार, ओम पालीवाल, राजेन्द्र काबरा, किशन उपाध्याय, दिनेश शर्मा ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया।



## QUICK BITES

### बेटियों की शिक्षा व सशक्तिकरण को लेकर टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**




तहसील कार्यालय में शुक्रवार को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ ने की।

बैठक में बालिकाओं के सर्वांगीण विकास, शिक्षा, और संरक्षण को लेकर संचालित योजनाओं–लाड़ो प्रोत्साहन योजना, कालीबाई भील महिला संबल शिक्षा सेतु योजना और उड़ान योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की गई।

एसडीएम राठौड़ ने बालिकाओं के नामांकन में वृद्धि, नियमित स्कूल उपस्थिति, सेनेट्री नेपकिन वितरण, और ÷एक पौधा बेटी के नाम÷ जैसे जन-जागरूकता अभियानों को मानसून सत्र में सक्रिय रूप से लागू करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी विभागों को परस्पर समन्वय के साथ कार्य कर योजना को ज़मीनी स्तर पर सफल बनाने की बात कही।

बैठक में विकास अधिकारी अशेष शर्मा, सीबीओ मालीराम यादव, परियोजना अधिकारी शंकरलाल बैरवा, जूनियर अकाउंटेंट सुगना राम, महिला अधिकारिता विभाग से अर्चना राव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### दूरी बनी पढ़ाई में बाधा, छात्रावास की बालिकाओं ने मांगा नजदीकी स्कूल

#### सीबीईओ को सौंपा पत्र, प्रधानाचार्य और अधीक्षक पर दबाव डालने का आरोप

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास की छात्राओं ने विद्यालय चयन को लेकर उत्पन्न समस्याओं पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मालीराम यादव के नाम एक शिकायत पत्र सौंपा है। शुक्रवार को दी गई शिकायत में बालिकाओं ने पास के विद्यालय में प्रवेश नहीं मिलने से होने वाली परेशानियों को साझा किया। छात्राओं ने बताया कि उनका प्रवेश राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, बिजौलिया में करवाया गया है, जो छात्रावास से करीब 2 किलोमीटर दूर है। इससे प्रतिदिन आना-जाना कठिन हो रहा है और वे समय पर भोजन भी नहीं कर पातीं। उन्होंने छात्रावास के पास स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में ही प्रवेश दिलाने की मांग की। शिकायत में बालिकाओ ने बताया है कि बालिका विद्यालय की प्रधानाचार्य और छात्रावास अधीक्षक द्वारा उसी विद्यालय में पढ़ाई का दबाव डाला जा रहा है, जबकि अधिकांश छात्राएं नजदीकी विद्यालय में जाना चाहती हैं। शिकायत करने वाली छात्राओं में कोमल रेगर, टीना मीना, आकांक्षा मीणा, मीनाक्षी मीणा, रवीना रेगर, कृष्णा कुमारी, जसोदा भील और सुनीता रेगर शामिल हैं।

**इनका कहना है**

बालिकाओं की ओर से शिकायत प्राप्त हुई है। इस संबंध में बालिका विद्यालय की प्रधानाचार्य से वार्ता कर स्थिति स्पष्ट कर दी गई है। अब कोई समस्या नहीं है।

**मालीराम यादव, सीबीईओ, बिजौलिया**

सभी बालिकाओं का प्रवेश अभिभावकों की सहमति से बालिका विद्यालय में करवाया गया है। अगर वे किसी अन्य विद्यालय में पढ़ना चाहती हैं, तो हमें कोई आपत्ति नहीं है। दबाव जैसी कोई बात नहीं है।

**पायल लुनिवाल, प्रधानाचार्य, राजकीय बालिका उ.मा. विद्यालय बिजौलिया**

# बिजोलिया में जून से अब तक 788 एमएम बारिश, खेतों में पानी से फसलें खतरे में

## तालाब-नदियां पहले ही ओवरफ्लो, जलभराव ने बढ़ाई मुसीबत

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**

नगर सहित क्षेत्र में गुरुवार रात से शुक्रवार शाम तक लगातार रिमझिम बारिश का सिलसिला बना रहा, जिससे कुल 57 एमएम (2.24 इंच) वर्षा दर्ज की गई। लगातार हो रही वर्षा से नगर के कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। क्षेत्र में इससे पूर्व पलकी नदी, गोविंद सागर तालाब, विजय सागर तालाब, रेवा नदी, छाई बाई नदी और मंडोल डेम पहले ही ओवरफ्लो होकर बह चुके हैं। ऐसे में बारिश का न रुकना अब मुसीबत का कारण बनने लगा है। थोड़ी सी वर्षा में ही जलभराव की समस्या उत्पन्न हो रही है। बिजोलिया में इस वर्ष जून माह से 18 जुलाई तक कुल 788 एमएम बारिश दर्ज की जा चुकी है। ज्यादा बारिश के कारण कई खेतों में पानी भर गया है, जिससे फसलों की बुवाई एवं देखरेख में किसान परेशान हो रहे हैं। अत्यधिक नमी के कारण खेतों में जाना मुश्किल हो गया है।

क्षेत्र के किसान रामचंद्र, घनश्याम और महेंद्र ने बताया कि खेतों में ट्रैक्टर ले जाना असंभव हो गया है, और जो बुवाई हो चुकी है, उनमें भी गलने का खतरा मंडरा रहा है।



कुदरत की मारः बारिश ने सब कुछ डुबोया – ये तस्वीर है बिजोलिया के नेशनल हाइवे 27 स्थित बाईपास की जहाँ सड़कों के बाद खेत तक जलमग्न है । फोटो - रमेश गुर्जर

### भीलवाड़ा जिले में शुक्रवार को 5 बजे तक दर्ज वर्षा आंकड़े (मिलीमीटर में)-

- रायपुर - 37 mm
- सहाड़ा - 29 mm
- काछोला - 26 mm
- शकरगढ़ - 25 mm
- मांडलगढ़ - 14 mm
- हमीरगढ़ - 15 mm
- हुरड़ा - 11 mm
- मांडल - 09 mm
- आसींद - 08 mm
- पारोली - 08 mm
- डाबला - 07 mm
- जहाजपुर - 07 mm
- कोटड़ी - 06 mm
- शाहपुरा - 06 mm
- फुलिया कला - 05 mm
- करेड़ा - 05 mm
- शंभूगढ़ - 04 mm
- रूपाहेली - 04 mm
- बनेड़ा - 02 mm
- भीलवाड़ा - 02 mm
- ज्ञानगढ़ - 01 mm
- बागोर - 01 mm
- मोखुंदा - 08 mm
- कारोईकलां - 19 mm

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट के सामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890